राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018

क्रमांक :F 8(44) (4) RSSB/प.अ./लि.ग्रे.II/कनि.सहा.स.सी.भ.प.2018/ 344 दिनांक : 06.8.19

-:: विज्ञप्ति ::-

बोर्ड की पूर्व समसंख्यक विज्ञप्ति क्रमांक 336 दिनांक 23.07.2019 के अनुसार **लिपिक ग्रेड-II/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा 2018** के **द्वितीय चरण (Phase-II)** की परीक्षा दिनांक 03.09.2019 से दिनांक 06.09.2019 तक (कम्प्यूटर पर हिन्दी एवं अंग्रेजी में टंकण गति एवं दक्षता परीक्षण) ऑनलाइन आयोजित की जा रही है। इस टंकण गति एवं दक्षता परीक्षण परीक्षा हेतु अभ्यर्थी से निम्नानुसार कम्प्यूटर शुल्क लिया जायेगा :–

(क) सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी व अन्य पिछडा वर्ग/अति पिछडा वर्ग के क्रीमीलेयर श्रेणी के अभ्यर्थी हेतुः रूपये 450/–

(ख) राजस्थान के अन्य पिछडा वर्ग/अति पिछडा वर्ग के नॉन क्रीमीलेयर श्रेणी के अभ्यर्थी हेतुः रूपये 350/–

(ग) राजस्थान के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी हेतुः रूपये 250/–

अभ्यर्थी द्वारा उपरोक्तानुसार कम्प्यूटर शुल्क स्वयं की SSO ID पर उपलब्ध **लिपिक ग्रेड-II/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा 2018** के **Admit Card Section** पर जाकर दिनांक 14.08.2019 से यथाशीघ्र ऑनलाइन जमा कराया जा सकता है। **कम्प्यूटर शुल्क जमा करवाने के उपरान्त ही अभ्यर्थी अपना ई–प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।** शुल्क जमा नहीं कराने की स्थिति में अभ्यर्थी अपना ई–प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं कर सकेंगे। बोर्ड द्वारा परीक्षार्थियों को अलग से प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किये जायेंगे ।

परीक्षा हेतु मॉक टेस्ट का लिंक दिनांक 14.08.2019 से 02.09.2019 तक बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा, जिसका अभ्यर्थी आवश्यक रूप से ट्रायल कर लेवें।

उक्त ऑनलाइन परीक्षा के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश निम्नानुसार हैः–

1. लिपिक ग्रेड–II परीक्षा के प्रथम फेज में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की द्वितीय फेज (टंकण/दक्षता) में कम्प्यूटर आधारित परीक्षा 4 भागों में करवायी जायेगी **जिसके चारो भागों में उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा अन्यथा वह अनुत्तीर्ण माना जायेगा। यदि अभ्यर्थी किसी भी एक प्रश्न पत्र में उत्तीर्ण नहीं होता है तो उसके अन्य प्रश्न पत्रों की जांच नहीं की जायेगी।** परीक्षा के 4 भाग निम्नानुसार हैं :–

प्रश्न पत्र सं.	विषय	समय	पूर्णांक	अर्हता हेतु न्यूनतम प्राप्तांक
1	हिन्दी टंकण गति परीक्षण	10 मिनट	25	9
2	अंग्रजी टंकण गति परीक्षण	10 मिनट	25	9
3	हिन्दी दक्षता परीक्षण	10 मिनट	25	9
4	अंग्रजी दक्षता परीक्षण	10 मिनट	25	9

2. दक्षता परीक्षण का प्रश्न पत्र अभ्यर्थियों को परीक्षा के समय अलग से दिया जायेगा।
3. दक्षता परीक्षण परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक अभ्यर्थी प्रश्नपत्र के नीचे वर्णित प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर करके वीक्षक (Invigilator) को वापिस लौटायेगा।
4. **यह स्पष्ट किया जाता है कि जो अभ्यर्थी दक्षता परीक्षण परीक्षा पूर्ण होने के पश्चात प्रश्न पत्र वीक्षक (Invigilator) को वापिस नहीं लौटायेगा तो उसका परीक्षा परिणाम जारी नहीं किया जायेगा।**

5. अभ्यर्थी परीक्षा हॉल में अपनी जगह पर बैठने के पश्चात् कम्प्यूटर पर Login करके अभ्यास परीक्षण (Pratice Test) में अपने मॉनिटर,, की–बोर्ड एवं माउस का परीक्षण करके सुनिश्चित कर लेवें कि मॉनिटर,, की–बोर्ड एवं माउस पूर्ण रूप से सही कार्य कर रहें हैं अथवा नहीं तथा यह भी सुनिश्चित कर लेवें कि सम्पूर्ण कम्प्यूटर सही ढ़ंग से कार्य कर रहा है अथवा नहीं ? परीक्षा शुरू होने के पूर्व उपरोक्त के बारे में अभिजागर को सूचित नहीं करने की दशा में सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

6. अभ्यर्थी किसी भी तरह का "**की–बोर्ड**" एवं "**की–बोर्ड स्टीकर**" साथ लेकर नहीं आवें। परीक्षा में किसी भी प्रकार के "**की–बोर्ड**" एवं "**की–बोर्ड स्टीकर**" की अनुमति नहीं है।

7. **परीक्षाओं के सम्बन्ध में विभिन्न सोशल मीडिया पर किये जा रहे भ्रामक प्रचार पर विश्वास न करें। बोर्ड द्वारा राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित समाचार–पत्रों में एवं बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर प्रकाशित विज्ञप्ति द्वारा दी गई जानकारी को ही अधिकृत माना जावे ।**

8. नवीनतम एवं अद्यतन सूचनाओं की जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in का नियमित रूप से अवलोकन करें ।

(डॉ. मुकुट बी. जांगिड़)
सचिव